ISSN 0974 1666

सी.सी.आर.यू.एम.

न्यूज़लेटर

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् की त्रैमासिक पत्रिका

खंड 37 • अंक 1–3 जनवरी–सितम्बर 2017

के.यू.चि.अ.प. ने राष्ट्रीय यूनानी दिवस मनाया

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) ने आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर 11 फरवरी 2017 को केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (के.यू.चि.अ.सं.), हैदराबाद में प्रथम राष्ट्रीय यूनानी दिवस मनाने और के.यू.चि.अ.प. पुरस्कार प्रदान करने हेतु समारोह का अयोजन किया।

इस समारोह का अयोजन आयुष मंत्रालय द्वारा यूनानी चिकित्सा में वैज्ञानिक अनुसंधान के संस्थापक और अपने समय के बहुमुखी प्रतिभाशाली हकीम अजमल ख़ाँ के जन्मदिवस 11 फरवरी को राष्ट्रीय यूनानी दिवस घोषित करने और इस अवसर पर यूनानी चिकित्सा पर शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदानकर्त्ताओं को के.यू.चि. अ.प. पुरस्कार से सम्मानित करने के ऐतिहासिक निर्णय के परिणामस्वरूप किया गया।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय राज्य मंत्री, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने अध्यक्षता भाषण में कहा कि भारत सरकार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में आयुष पद्धति के प्रचार–प्रसार के लिए ठोस प्रयास कर रही है और इन पद्धतियों के मूलभूत सिंद्धातों के अनुसार इनके विकास और राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल वितरण में इनकी क्षमता का इष्टतम उपयोग करने के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया है। उन्होनें आगे कहा कि यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा देने की दिशा में राष्ट्रीय यूनानी दिवस मनाये जाने की घोषणा का निर्णय एक उचित कदम है।

श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्रम एवं रोज़गार

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, श्री बंडारू दत्तात्रेय, डॉ. चारलाकोला लक्ष्मा रेड्डी, श्री मोहम्मद महमूद अली, श्री मगंती गोपीनाथ, श्री पी.एन. रंजीत कुमार, प्रो. रईस–उर–रहमान, डॉ. एम.ए. वहीद और प्रो. वैद्य के.एस. धीमान 11 फरवरी 2017 को हैदराबाद में राष्ट्रीय यूनानी दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रगान के दौरान।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष 11 फरवरी 2017 को हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय यूनानी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

मंत्रालय, भारत सरकार, जोकि इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे, ने श्री श्रीपाद येस्सो नाईक के नेतृत्व में 11 फरवरी को राष्ट्रीय यूनानी दिवस के रूप में मनाये जाने के निर्णय की सराहना की और कहा कि हकीम अजमल ख़ाँ ही पहले चिकित्सक थे जो आयुर्वेद और यूनानी पद्धति को एक छत के नीचे लाये और भारत में यूनानी चिकित्सा का विकास करने के लिए प्रशंसनीय योगदान दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री मोहम्मद महमूद अली, माननीय उप–मुख्यमंत्री, तेलंगाना ने कहा कि प्रथम राष्ट्रीय यूनानी दिवस का आयोजन हैदराबाद के लिए बड़े गर्व का विषय है।

डॉ. चारलाकोला लक्ष्मा रेड्डी, माननीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री, तेलंगाना और श्री मगंती गोपीनाथ, विधायक, तेलंगाना और श्री पी. एन. रंजीत कुमार, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं प्रो. रईस–उर–रहमान, सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक प्रभारी, के.यू.चि.अ.प. ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार 11 फरवरी 2017 को हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय यूनानी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

नवनिर्मित के.यू.चि.अ.प. पुरस्कार योजना के अंतर्गत, विभिन्न श्रेणियों के

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के संस्थापक निदेशक हकीम एम.ए. रज़्ज़ाक की विधुर डॉ. उम्मुल फज़्ल 11 फरवरी 2017 को हैदराबाद में अपने पति की ओर से श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय से मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार ग्रहण करती हुईं। श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार और डॉ. चारलाकोला लक्ष्मा रेड्डी, माननीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री, तेलंगाना भी देखे जा सकते हैं।

आठ राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से यूनानी चिकित्सा के विभिन्न अनुसंधानिक क्षेत्रों में योगदान के लिए प्रतिष्ठित यूनानी अनुसंधाकर्त्ताओं, शिक्षाविदों और चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। प्रथम श्रेणी में, नैदानिक अनुसंधान के लिए डॉ. सैय्यद मोहम्मद अब्बास ज़ैदी, सहायक प्रोफेसर, एच.एस. ज़ेड.एच. गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज, भोपाल और औषधि अनुसंधान के लिए डॉ. मोहम्मद काशिफ़ हुसैन, अनुसंधान अधिकारी (वनस्पति), के.यू. चि.अ.सं., हैदराबाद को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय श्रेणी में, साहित्यिक अनुसंधान के लिए प्रो. इश्तियाक़ अहमद, आयुर्वेद एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज, नई दिल्ली को मरणोपरान्त सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार दिया गया। प्रो. मोहम्मद अख़्तर सिद्दीक़ी, प्रमुख, मुआलजात विभाग, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली को नैदानिक अनुसंधान के लिए और प्रो. गुफ़रान अहमद, इल्मुल अदविया विभाग, अजमल ख़ाँ तिब्बिया कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को औषधि अनुसंधान के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया। तृतीय श्रेणी में, लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से स्वर्गीय हकीम मोहम्मद अब्दुल रज़्ज़ाक जो के.यू.चि.अ.प. के संस्थापक निदेशक थे, को मरणोपरान्त सम्मानित किया गया। जबकि प्रो. एस. शाकिर जमील, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविद के लिए और डॉ. सीमा अकबर, सहायक निदेशक प्रभारी, क्षे.यू.चि.अ.सं., श्रीनगर को सर्वश्रेष्ठ अनुसंधानकर्त्ता हेतु लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। प्रथम दो श्रेणियों में हर पुरस्कार विजेता ने शॉल, स्मृति चिह्न, प्रमाण–पत्र और दो लाख रुपये का नक़द इनाम प्राप्त किया जबकि तृतीय श्रेणी में नक़द इनाम पांच लाख़ रुपये का था।

श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार 11 फरवरी 2017 को हैदराबाद में राष्ट्रीय यूनानी दिवस कार्यक्रम के दौरान प्रो. एस. शाकिर जमील, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविद के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान करते हुए। श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और श्री चारलाकोला लक्ष्मा रेड्डी, माननीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री, तेलंगाना भी उपस्थित रहे।

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् द्वारा 11 फरवरी 2017 को केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय यूनानी दिवस कार्यक्रम के दौरान दर्शकों का एक दृष्य।

इस अवसर पर, श्री श्रीपाद येस्सो नाईक ने हाल ही में के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद में कालोजी नारायण राव स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, तेलगांना और जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के साथ मिलकर आरंभ हुए यूनानी चिकित्सा में एम.डी. और पी.एच. डी. कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। के. यू.चि.अ.प. द्वारा लाए गए छः महत्वपूर्ण प्रकाशन का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर के.यू.चि.अ.प. ने यूनानी चिकित्सा में त्वचा रोग एवं सौंदर्य प्रसाधन पर एक दो–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन भी किया जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय यूनानी दिवस और के.यू.चि.अ.प. पुरस्कार समारोह के साथ ही किया गया।

• *नियाज़*

के.यू.चि.अ.प. की कमान में बदलाव

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) के महानिदेशक के पद पर जनवरी 2017 और अगस्त 2017 में दो बार बदलाव हुये। एक बार जब प्रो. वैद्य के.एस. धीमान ने और दूसरी बार जब डॉ. अनिल खुराना ने परिषद् के महानिदेशक का अतिरिक्त भार संभाला।

प्रो. धीमान, महानिदेशक, केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने 31 जनवरी 2017 अपराह्न को के.यू.चि.अ.प. के महानिदेशक का अतिरिक्त भार संभाला और छः महीने तक परिषद् के काम–काज को देखते रहे। इस बीच उन्होंने सुचारू रूप से परिषद् की अनुसंधानिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को संभाला और हैदराबाद में राष्ट्रीय यूनानी दिवस समारोह और यूनानी चिकित्सा में त्वचा रोग एवं सौन्दर्य प्रसाधन पर एक दो दिवसीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

डॉ. अनिल खुराना, उप–महानिदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् ने 2 अगस्त 2017 को के.यू.चि.अ.प. के महानिदेशक का अतिरिक्त भार संभाला। डॉ. खुराना को आयुष चिकित्सा पद्धति में शोध एवं विकास का काफी लम्बा अनुभव है और वह के.यू.चि.अ.प. के महानिदेशक का अतिरिक्त भार संभालने के समय से ही परिषद् के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। के.यू.चि.अ.प. ये आशा करती है कि परिषद् के महानिदेशक प्रभारी के रूप में डॉ. खुराना के गतिशील नेतृत्व में यूनानी चिकित्सा पद्धति में तेज एवं प्रगतिशील अनुसंधान एवं विकास होगा।

के.यू.चि.अ.प. द्वारा दुर्लभ पुस्तकों को डिजिटल करने हेतु परियोजना का प्रमोचन

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) के पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र ने 8 मार्च 2017 को नई दिल्ली में यूनानी चिकित्सा पद्धति से सम्बन्धित दुर्लभ पुस्तकों और पत्रिकाओं में निहित ज्ञान को सुरक्षित रखने के लिए उनको डिजिटल करने हेतु एक परियोजना का प्रमोचन किया।

प्रो. वैद्य के. एस. धीमान दुलर्भ पुस्तकों और पत्रिकाओं के डिजिटलीकरण के लिए परियोजना का उद्घाटन करते हुए।

औपचारिक रूप से परियोजना का उद्घाटन करते हुए प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक (प्रभारी), के.यू.चि.अ.प. ने कहा कि हमारे पूर्वजों से विरासत में हमें प्राप्त ज्ञान का संरक्षण करना और उत्तराधिकारियों तक पहुंचाना हमारी प्रमुख जिम्मेदारियों में से एक है। उन्होंने आगे कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी की उन्नति ने इस कार्य को आसान बना दिया है और मुद्रित रूप में उपलब्ध ज्ञान को संरक्षित करने के लिए डिजिटलीकरण को सबसे अच्छा माना जाता है। इस अवसर पर उन्होंने हाल ही में पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र द्वारा आरंभ की गई 'डेली मेडिकल न्यूज अलर्ट' – अनुसंधानकर्त्ताओं और वैज्ञानिकों के बीच मेडिकल समाचार का प्रसार करने के लिए एक डिजिटल सेवा, की भी प्रशंसा की। उन्होंने मूलतः अविभाजित उपमहाद्वीप और मध्य–पूर्वी देशों में मुद्रित यूनानी चिकित्सा पद्धति की दुर्लभ पुस्तकों के पुनर्मुद्रण की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि वे हमारे राष्ट्रीय डिजिटल विरासत का हिस्सा बन सकें।

इससे पूर्व अपने परिचयात्मक टिप्पणी में पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र से श्री मोहम्मद अज़हर ख़ान, सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी ने बताया कि परियोजना के अन्तर्गत अगले छः माह में दुर्लभ पुस्तकों और पत्रिकाओं के पांच लाख पृष्ठों को डिजिटल रूप दिया जाएगा। श्री सैय्यद शुऐब अहमद, पुस्तकालय एवं सूचना सहायक ने सूचित किया कि पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र में उपलब्ध यूनानी पांडुलिपियों को परिषद् पहले ही डिजिटल रूप दे चुका है और परिषद् की सभी पुस्तकालयों का डाटा एन.आई.सी. पटल और डेलनेट पर उपलब्ध है जहां दुनिया में कहीं से भी पहुंचा जा सकता है।

डॉ. ज़कीउद्दीन, श्री शमशुल आरफ़ीन और डॉ. अमानुल्लाह ने भी उद्घाटन समारोह को संबोधित किया जिसमें के.यू.चि.अ.प. के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

यूनानी चिकित्सा में त्वचा रोग एवं सौंदर्य प्रसाधन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) ने 12–13 फरवरी 2017 को केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (के.यू.चि.अ.सं.), हैदराबाद में यूनानी चिकित्सा में त्वचा रोग एवं सौंदर्य प्रसाधन पर दो–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन किया। संगोष्ठी में त्वचा रोगों के नियंत्रण और उपचार के लिए यूनानी चिकित्सा पद्धति की सामर्थ्यता और क्षमता का लाभ उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

उद्घाटन और समापन सत्रों के अतिरिक्त, संगोष्ठी में मौखिक प्रस्तुतिकरण के लिए आठ तकनीकी सत्र और पोस्टर प्रस्तुतिकरण के लिए दो तकनीकी सत्र थे। कुल 37 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए और सात आमंत्रित व्याख्यान दिये गये। कुल 250 प्रतिनिधियों, जिनमें चिकित्सा वैज्ञानिक, शिक्षाविद, शोधकर्त्ता और एम.डी. (यूनानी) शोधछात्र शामिल हैं, के लिए सम्मेलन एक अच्छा मंच साबित हुआ। इस अवसर पर परिषद् के पांच महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन किया गया।

उद्घाटन सत्र

राष्ट्रीय यूनानी दिवस और के.यू.चि.अ.प. पुरस्कार समारोह के साथ ही संगोष्ठी का उद्घाटन 11 फरवरी को श्री बंडारू दत्तात्रेय, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार ने श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, श्री मोहम्मद महमूद अली, माननीय उप–मुख्यमंत्री, तेलगांना, डॉ. चारलाकोला लक्ष्मा रेड्डी, माननीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री, तेलंगाना एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति श्री पी.एन. रंजीत कुमार, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, प्रो. रईस–उर–रहमान, सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक प्रभारी, के.यू.चि.अ.प. की उपस्थिति में किया।

श्री मोहम्मद महमूद अली, माननीय उप–मुख्यमंत्री, तेलगांना 11 फरवरी 2017 को हैदराबाद में यूनानी चिकित्सा में त्वचा रोग एवं सौंदर्य प्रसाधन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, डॉ. बंडारू दत्तात्रेय, डॉ. चारलाकोला लक्ष्मा रेड्डी, श्री मोहम्मद महमूद अली, श्री मगंती गोपीनाथ, श्री पी.एन. रंजीत कुमार, डॉ. एम.ए. वहीद और प्रो. वैद्य के.एस. धीमान 11 फरवरी 2017 को हैदराबाद में यूनानी चिकित्सा में त्वचा रोग एवं सौंदर्य प्रसाधन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के दौरान केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् द्वारा प्रकाशित 'नुकुश–ए–अजमल' का विमोचन करते हुए।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, श्री बंडारू दत्तात्रेय, डॉ. चारलाकोला लक्ष्मा रेड्डी, श्री मोहम्मद महमूद अली, श्री मगंती गोपीनाथ, श्री पी.एन. रंजीत कुमार, डॉ. एम.ए. वहीद और प्रो. वैद्य के.एस. धीमान 11 फरवरी 2017 को हैदराबाद में यूनानी चिकित्सा में त्वचा रोग एवं सौंदर्य प्रसाधन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के दौरान केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् द्वारा प्रकाशित 'यूनानी चिकित्सा पद्धति – स्वास्थ्य एवं उपचार विज्ञान' के नए संकलन का विमोचन करते हुए।

इस अवसर पर परिषद् के पांच नए प्रकाशनों का विमोचन किया गया। 'यूनानी चिकित्सा पद्धति – स्वास्थ्य एवं उपचार विज्ञान' एवं 'भारत में यूनानी चिकित्सा – एक अवलोकन' का विमोचन श्री श्रीपाद येस्सो नाईक ने किया; 'नुकुश–ए–अजमल' और 'मुज़र्रबात–ए–रिज़ाई' का विमोचन श्री बंडारू दत्तात्रेय ने किया और 'सामान्य रोगों के लिए मानक यूनानी उपचार दिशा–निर्देश, खण्ड–।।' का विमोचन श्री मोहम्मद महमूद अली ने किया।

तकनीकी सत्र

12 फरवरी 2017 को अयोजित छः सत्रों में से पहले सत्र की अध्यक्षता प्रो. एस. शाकिर जमील, पूर्व महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. और प्रो. इमामुद्दीन, सदस्य, वैज्ञानिक सलाहकार समिति, के.यू.चि.अ.प. ने की और प्रो. क़मरूद्दीन, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) एवं अध्यक्ष, मुआलजात (चिकित्सा) विभाग, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद प्रतिवेदक थे। सत्र का आंरभ डॉ. सैय्यद मोहम्मद अब्बास ज़ैदी, सहायक प्रोफेसर, मुआलजात विभाग, एच.एस.ज़ेड.एच. गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज, भोपाल के आमंत्रित व्याख्यान के साथ हुआ। उन्होनें त्वचा विकारों में इसके उपयोग के विशेष संदर्भ के साथ यूनानी चिकित्सा पद्धति में लीच थैरेपी पर अपने गहन ज्ञान से लोगों को अवगत कराया। इस सत्र में पांच प्रतिनिधियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। सामान्तर चल रहे दूसरे सत्र की अध्यक्षता प्रो. यासमीन शम्सी, मुआलजात (चिकित्सा) विभाग, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली और डॉ. ज़कीउद्दीन, सहायक निदेशक (यूनानी), के.यू.चि.अ.प. मुख्यालय, नई दिल्ली ने की और डॉ. जावेद इनाम सिद्दीक़ी, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) एवं लेक्चरर, इल्मुल अदविया (औषध विज्ञान), के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद प्रतिवेदक रहे। इस सत्र में कुल चार शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

उस दिन के अन्य चार सत्रों में से एक सत्र की अध्यक्षता प्रो. ए.बी. ख़ान, पूर्व डीन एवं प्रधानाचार्य, अजमल ख़ाँ तिब्बिया कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ और प्रो. ग़ुफ़रान अहमद, इल्मुल अदविया (औषध विज्ञान) विभाग, अजमल ख़ाँ तिब्बिया कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने की और डॉ. मिस्बाहुद्दीन अज़हर, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी), के.यू.चि.अ.प. मुख्यालय, नई दिल्ली प्रतिवेदक रहे। पदमश्री डॉ. एम.ए. वहीद, पूर्व कार्यकारी निदेशक, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद ने यूनानी चिकित्सा के माध्यम से सोरायसिस और विटिलिगो पर आमंत्रित व्याख्यान दिया। इस सत्र में, चार प्रतिनिधियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। एक दूसरे सत्र की अध्यक्षता डॉ. शारिक अली ख़ान, उप निदेशक, क्षे.यू.चि.अ.सं., अलीगढ़ और श्री सुहैल एम. अधमी, परामर्शदाता (जैव सांख्यिकी), के.यू.चि.अ.प. मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा की गई और डॉ. मोहम्मद ज़ाकिर, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) एवं लैक्चरर, इल्मुल अदविया (औषध विज्ञान), के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद प्रतिवेदक थे। इस सत्र में तीन प्रतिनिधियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये।

पांचवे सत्र की अध्यक्षता डॉ. डी. सी. कटोच, प्रो. वैद्य के.एस. धीमान और डॉ. एम.ए. वहीद ने की और डॉ. उज़्मा

विक़ार, रीडर, इल्मुल अदविया (औषध विज्ञान), के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद प्रतिवेदक थीं। इस सत्र में डॉ. शारिक अली ख़ान और डॉ. अज़हर जबीन, सहायक प्रोफेसर, मुआलजात विभाग, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली ने आमंत्रित व्याख्यान दिया। डॉ. शारिक ने त्वचा रोग के लिए अल–राज़ी के अभिनव दृष्टिकोण पर अपने विचार व्यक्त किए जबकि डॉ. अज़हर जबीन ने त्वचा विकारों के उपचार में इरसाल–ए–अलक़ पर एक प्रभावशाली व्याख्यान दिया। इस सत्र में पांच प्रतिनिधियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किये। सामानांतर में आयोजित छठे सत्र की अध्यक्षता डॉ. मदन सिंह जाखर, सदस्य, शासी निकाय, के.यू.चि.अ.प. और डॉ. अमजदुल्लाह, अनुसंधान अधिकारी (पैथ.) ने की जबकि डॉ. अर्ज़ीना जबीन, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) और लैक्चरर, मुआलजात (चिकित्सा) विभाग, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद प्रतिवेदक थीं। इस सत्र में कुल चार शोध पत्र प्रस्तुत हुए।

अगले दिन की कार्यवाही दो सामानांतर सत्रों से आरंभ हुई। पहला सत्र प्रो. अनीस अहमद अंसारी, पूर्व सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, प्रो. के.एम.वाई. अमीन, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ और प्रो. एम. अख़्तर सिद्दीक़ी, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली की अध्यक्षता में शुरू हुआ और डॉ. मोहम्मद नवाब, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) एवं रीडर, मुआलजात (चिकित्सा) विभाग, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद प्रतिवेदक थे। सत्र में प्रो. मुश्ताक़ अहमद, पूर्व निदेशक, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद, प्रो. नीना खन्ना, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली और डॉ. हामिदुद्दीन, एन.आई.यू.एम., बैगंलुरू ने आमंत्रित व्याख्यान प्रस्तुत थे। प्रो. मुश्ताक़ अहमद ने यूनानी चिकित्सा पद्धति में वर्णित बर्स (विटिलिगो) पर अपने विचार व्यक्त किए जबकि प्रो. नीना खन्ना ने त्वचा रोग में स्कोरिंग पद्धति पर प्रभावशाली व्याख्यान दिया। डॉ. हामिदुद्दीन ने इवोल्यूशन ऑफ कॉस्मेस्यूटीकल्स इन यूनानी मेडिसिनः ए हिस्टोरिकल एण्ड कॉनटेमपोरेरी पर्सपेक्टिव पर अपना व्याख्यान दिया। इस सत्र में पांच शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

अन्य सत्र की अध्यक्षता डॉ. एस. करीमुल्लाह, सहायक निदेशक (यूनानी), के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद और डॉ. नक़ीबुल इस्लाम, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) और अध्यक्ष, मुआलजात (चिकित्सा) विभाग, क्षे.यू.चि.अ.सं., श्रीनगर द्वारा की गई और डॉ. तौफीक़ अहमद, रीडर, मुआलजात (चिकित्सा) विभाग, के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद प्रतिवेदक थे। इस सत्र में सात शोधपत्र प्रस्तुत किए गए।

समापन सत्र

समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ. बी. करूणाकर रेड्डी, उप कुलपति, कालोजी नारायण राव स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, तेलंगाना ने की। पदमश्री प्रो. सैय्यद खलीफतुल्लाह, पूर्व उपाध्यक्ष, शासी निकाय, के.यू.चि.अ.प. सत्र के मुख्य अतिथि थे। सत्र की शुरुआत

13 फरवरी 2017 को हैदराबाद में यूनानी चिकित्सा में त्वचा रोग एवं सौंदर्य प्रसाधन पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह के दौरान भव्य जनसमूह का एक दृष्य।

प्रो. अनीस अहमद अंसारी, पूर्व सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार 13 फरवरी 2017 को हैदराबाद में यूनानी चिकित्सा में त्वचा रोग एवं सौंदर्य प्रसाधन पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए, जबकि प्रो. मुश्ताक़ अहमद, डॉ. मोहम्मद ख़ालिद सिद्दीक़ी, हकीम सैय्यद खलीफतुल्लाह, डॉ. बी. करूणाकर रेड्डी, प्रो. रईस–उर–रहमान, प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, डॉ. उम्मुल फज़ल, डॉ. एम.ए. वहीद और डॉ. मुनव्वर एच. काज़मी मंच पर आसीन हैं।

प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक प्रभारी, के.यू.चि.अ.प. द्वारा संगोष्ठी की कार्यवाही के संक्षिप्त सारांश के साथ की गई। उन्होनें उद्घाटन सत्र के विचार–विमर्श के अतिरिक्त तकनीकी सत्रों में हुई प्रस्तुतियों को संक्षिप्त में बताया। प्रो. करूणाकर रेड्डी ने अपने समापन सम्बोधन में कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति के शक्तिशाली क्षेत्र को पहचाना जाना चाहिए और अनुसंधान के लिए कुछ त्वचा रोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होनें शोध पत्रों और प्रकाशनों पर भी ज़ोर दिया। प्रो. सैय्यद खलीफतुल्लाह और प्रो. रईस–उर–रहमान ने भी सत्र को सम्बोधित किया। सम्मेलन डॉ. मुनव्वर हुसैन क़ाज़मी, निदेशक प्रभारी, के.यू. चि.अ.सं., हैदराबाद के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुआ।

पादप वर्गीकरण पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला में भागीदारी

क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, श्रीनगर के शोधकर्त्ताओं ने कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर में 27–29 मार्च 2017 को भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बी.एस.आई.), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित पादप वर्गीकरण: सिद्धांत एवं प्रक्रिया पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन, डॉ. अज़रा नाहिद कामिली, अध्यक्ष, जीवन विज्ञान संकाय, कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर ने किया। कार्यशाला के दौरान अन्य विशेषज्ञ, डॉ. परमजीत सिंह, निदेशक, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, कोलकाता और डॉ. ओ.पी. शर्मा, निदेशक, परिस्थितिकी, पर्यावरण और रिमोट सेंसिंग, जम्मू एवं कश्मीर भी उपस्थित थे। कार्यशाला में पादप वर्गीकरण के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं को विस्तार से बताया गया और प्रतिभागियों को प्रासंगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्रियों का तीसरा सम्मेलन

भ्रमित करने वाले औषधि विज्ञापनों के विरुद्ध कार्यवाही पर ज़ोर

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने 22 मार्च 2017 को प्रवासी भारतीय केंद्र, नई दिल्ली में आयुष पद्धतियों के विकास के लिए एक–दूसरे के साथ बातचीत करने हेतु एक अवसर प्रदान करने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्रियों के तीसरे सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से भ्रमित करने वाले औषधि विज्ञापनों के विरुद्ध कार्यवाही करने का आग्रह किया गया।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय अपने राज्य समकक्षों श्रीमति के.के. शैलजा टीचर (केरल), श्री बंसीधर बजीआ (राजस्थान) और श्री बादल चौधरी (त्रिपुरा) के साथ 22 मार्च 2017 को प्रवासी भारतीय केंद्र, नई दिल्ली में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्रियों के तीसरे सम्मेलन में राष्ट्रगान के दौरान। श्री अजीत मोहन शरण, सचिव; श्री अनिल गनेरीवाला, संयुक्त सचिव; और श्री पी.एन. रंजीत कुमार, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार भी उपस्थित थे।

इस सम्मेलन का उद्देश्य आयुष के प्रसार और उसे मुख्यधारा में लाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना, पिछले दो सालों के दौरान हुई प्रगति और विकास का निरिक्षण करना और देश में बेहतर और किफायती स्वास्थ्य देखभाल वितरण को सुनिश्चित और प्रभावित करने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ समन्वय को सुनिश्चित करना था।

सम्मेलन का उद्घाटन श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने किया और 23 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आयुष/स्वास्थ्य मंत्री/सचिव और अधिकारियों; आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों; और आयुष संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

अपने उद्घाटन सम्बोधन में, श्री श्रीपाद येस्सो नाईक ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के एक साधन के तौर पर पारंपरिक चिकित्सा के तर्कसंगत विस्तार का समर्थन करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन पारंपरिक चिकित्सा की क्षमताओं के उपयोग, परंपरागत चिकित्सा अभ्यास में क्षमता निर्माण और जनता के बीच पारंपरिक औषधियों के लाभ की जागरूकता विकसित करने की भी वकालत करता है। श्री नाईक ने सभी राज्य सरकारों से विश्व स्वास्थ्य संगठन की सलाह पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करने की अपील की।

श्री श्रीपाद नाईक ने सभी राज्य सरकारों से मेडिकल आपातकाल स्थितियों से निपटने हेतु आयुष पद्धतियों को सक्षम बनाने के लिए अपने राज्य चिकित्सक व्यवसायी अधिनियम में संशोधन पर विचार करने के लिए भी आग्रह किया। उन्होनें बताया कि महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य अपने अधिनियमों में पहले ही ऐसे संशोधन कर चुके हैं। उन्होनें आगे बताया कि मंत्रालय आयुष शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दे रहा है। उन्होनें राज्य सरकारों को आयुष कॉलेजों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यानपूर्वक निगरानी रखने और उसे सुनिश्चित करने का सुझाव दिया।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष अपने राज्य समकक्षों श्रीमति के.के. शैलजा टीचर (केरल), श्री बंसीधर बजीआ (राजस्थान) और श्री बादल चौधरी (त्रिपुरा) के साथ 22 मार्च 2017 को प्रवासी भारतीय केंद्र, नई दिल्ली में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्रियों के तीसरे सम्मेलन में दीपक ज्योति करते हुए। श्री अनिल गनेरीवाला और श्री पी.एन. रंजीत कुमार भी देखे जा सकते हैं।

मंत्री जी ने प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया में आयुष औषधियों के बारे में प्रदर्शित किये जाने वाले भ्रमित विज्ञापनों पर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होनें बताया कि केंद्र सरकार ने आयुष परियोजनाओं से सम्बन्धित ऐसे कपटपूर्ण दावों पर रोक लगाने के लिए भारतीय विज्ञापन परिषद् के साथ समझौता ज्ञापन किया है। उन्होनें कहा कि राज्य सरकारें इस तरह के विज्ञापनों को उपरोक्त परिषद् की नोटिस में ला सकती हैं। मंत्री जी ने यह भी बताया कि मंत्रालय ने मधुमेह की रोकथाम और नियंत्रण के लिए आयुर्वेद प्रोटोकॉल और योग प्रोटोकॉल विकसित किया है। श्री श्रीपाद नाईक ने यह भी बताया कि एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि बीमा कंपनियां आयुष उपचार पर किये गये व्यय के लिए पॉलिसीधारकों द्वारा किए गए प्रतिपूर्ति के दावों को भी स्वीकृत कर रही हैं।

इस अवसर पर, श्रीमती के.के. शैलजा टीचर, स्वास्थ्य एवं सामाजिक न्याय मंत्री, केरल सरकार ने कहा कि उन्होनें राज्य में एक अन्तर्राष्ट्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान स्थापित करने का निर्णय लिया है। उन्होनें आयुष पद्धति की शक्तियों का प्रचार करने के लिए आयुष क्षेत्रों में अधिक अस्पताल शुरू करने पर ज़ोर दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, राजस्थान सरकार श्री बंसीधर बजीआ और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, त्रिपुरा सरकार श्री बादल चौधरी ने भी आयुष का प्रचार करने के लिए उनकी सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों और कार्यक्रमों के बारें में बताया।

गणमान्यों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए, श्री अजीत एम. शरण, सचिव, आयुष, भारत सरकार ने नवंबर 2014 में स्वतंत्र मंत्रालय का दर्जा दिए जाने से अब तक की आयुष मंत्रालय की उपलब्धियों और उठाए गऐ कदमों के बारे में जानकारी दी।

उद्घाटन सत्र के बाद श्री अनिल कुमार गनेरीवाला, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने गुणवत्ता नियंत्रण, अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग और रोगों के वर्गीकरण पर कार्य का अवलोकन किया। श्री पी.एन. रंजीत कुमार, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने अनुसंधान के क्षेत्र में आयुष मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया। श्री फ्रेंकलीन एल. खोबंग, निदेशक, आयुष, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में आयुष की शिक्षा, विनियमन और एकीकरण के क्षेत्र में उठाए गए कदमों के बारे में बताया। श्रीमती पदमप्रिय बालकृष्णन, उप–मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड ने इस क्षेत्र का विकास करने हेतु बोर्ड और मंत्रालय के प्रयासों का मूल्यांकन किया।

राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने आयुष के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यान्वयन में अपनी समस्याओं को बताया और आयुष मंत्रालय, भारत सरकार से संबंधित अधिकारियों ने उन समस्याओं का समाधान बताया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. गज़ाला जावेद, अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग, आयुष मंत्रालय में कार्यरत केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् की एक वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, ने किया।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष 22 मार्च 2017 को प्रवासी भारतीय केंद्र, नई दिल्ली में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्रियों के तीसरे सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए।

परिषद् की शोधकर्ता का 'इण्डियाज़ मोस्ट पॉवरफुल वेमेन' में चित्रण

डॉ. ग़ज़ाला जावेद, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी), केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् को पत्रकार और महिला अधिकार कार्यकर्ता श्रीमती प्रेम अहलूवालिया ने अपनी पुस्तक 'इण्डियाज़ मोस्ट पॉवरफुल वेमेन' (भारत की सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाएं) में चित्रित किया है।

यंग एशिया पब्लिकेशन्स द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक राजनीति, सामाजिक कार्य, व्यवसाय और कॉर्पोरेट, चिकित्सा, खेल, कला और संस्कृति और मनोरंजन के क्षेत्र से संबंधित महिलाओं को चित्रित करती है। लेखिका के अनुसार ये महिलाएं अपने संबंधित क्षेत्र में अत्यधिक सफल और युवा महिलाओं के लिए उनके पेशे में प्रेरणास्रोत हैं। ये विभिन्न आयु समूहों और सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंधित हैं फिर भी इनका कार्य आशा और सफलता की एक नई कहानी को एक साथ आलेखित करता है।

डॉ. ग़ज़ाला जावेद, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) (वैज्ञानिक IV), जो वर्तमान में आयुष मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग में कार्यरत हैं, को पुस्तक के 'दि हीलिंग टच' नामक अध्याय में दर्शाया गया है और 'दि फेस ऑफ यूनानी' बताया गया है।

अध्याय में उनके संघर्षों और उपलब्धियों को बताते हुए उनके निजी जीवन और व्यवसायिक यात्रा पर प्रकाश डाला गया है। अध्याय उनके जीवन में बाधाओं के प्रति साहस और ज्ञान को उजागर करता है। एक पेशेवर के रूप में वे विभिन्न भूमिकाओं जैसे एक चिकित्सक, अनुसंधानकर्त्ता, संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि, विभिन्न राष्ट्रीय एवं अतंराष्ट्रीय मंच पर सरकारी प्रतिनिधि के रूप में शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम रहीं।

इस पुस्तक का विमोचन 8 मार्च 2016 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्री तालेब रिफाई, महा सचिव, विश्व पर्यटन संगठन (यू.एन. डब्ल्यू.टी.ओ.), द्वारा बर्लिन, जर्मनी में किया गया।। यह पुस्तक 28 जुलाई 2016 को राष्ट्रपति भवन में भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी को भी प्रस्तुत की गई।

यह केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के लिए गर्व की बात है कि डॉ. गज़ाला को श्रीमति सोनिया गांधी, डॉ. नजमा हेपतुल्ला, श्रीमति सुषमा स्वराज, श्रीमति बीना मोदी, श्रीमति नीता अम्बानी, श्रीमति सुनिता नारायण, सुश्री लता मंगेशकर, श्रीमति शहनाज़ हुसैन, श्रीमति सानिया मिर्ज़ा, श्रीमति किरण बेदी और श्रीमति मोहिनी गिरि के समान पुस्तक में चित्रित किया गया है।



डॉ. गज़ाला जावेद, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) (वैज्ञानिक–IV), केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् राष्ट्रपति भवन में 28 जुलाई 2016 भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी को पुस्तक प्रस्तुतीकरण के दौरान। दूसरे चित्र में डॉ. गज़ाला जावेद प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक (प्रभारी), के.यू.चि.अ.प. को एक प्रतिलिपि प्रस्तुत करती हुई।

विश्व यूनानी फाउंडेशन द्वारा विश्व यूनानी कांग्रेस का आयोजन

जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में 6–7 मार्च 2017 के दौरान राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद्, उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से विश्व यूनानी संगठन, भारत ने प्रथम विश्व यूनानी कांग्रेस आयोजित किया। इस कांग्रेस में के.यू.चि.अ.प. के शोधकर्त्ताओं ने भाग लिया।



जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में 6–7 मार्च 2017 को विश्व यूनानी संगठन द्वारा आयोजित प्रथम विश्व यूनानी कांग्रेस के दौरान केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के स्टॉल का एक दृश्य।

इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. रईस–उर–रहमान, सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार थे। उन्होंनें अपने भाषण में कहा कि वैज्ञानिक तरीकों पर आधारित यूनानी चिकित्सीय शोध अंतर्राष्ट्रीय नियामक एजेंसियों की आवश्यकता अनुसार प्रणाली को विकसित करने के लिए उपयोगी होगा। प्रो. तलत अहमद, कुलपति, जामिया मिल्लिया, इस्लामिया, नई दिल्ली ने समारोह की अध्यक्षता की जबकि डॉ. डी.सी. कटोच, सलाहकार (आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं श्री हामिद अहमद, मुख्य निष्पादन अधिकारी/निदेशक, हमदर्द लेबोरेटरीज़ (भारत) इस समारोह के सम्मानीय अतिथि थे। इस समारोह में प्रमुख संबोधन प्रो. के.एम.वाई अमीन, इल्मुल अदविया विभाग, अजमल ख़ाँ तिब्बिया कॉलेज, ए.एम.यू., अलीगढ़ द्वारा दिया गया। समापन सत्र सम्बोधन प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक (प्रभारी), के.यू.चि.अ.प, नई दिल्ली द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत यूनानी चिकित्सा में वैज्ञानिक प्रगति, नवीन दृष्टिकोण और भावी चुनौतियों पर विचार विमर्श किया गया जिसमें 94 मौखिक पत्र एवं 82 पोस्टर प्रस्तुतिकरण किए गए। इस कार्यक्रम में 10 अंतर्राष्ट्रीय और 300 राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक (प्रभारी), केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में 6–7 मार्च 2017 के दौरान विश्व यूनानी संगठन द्वारा आयोजित प्रथम विश्व यूनानी कांग्रेस के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए।

मधुमेह हेतु योग पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने 4–6 जनवरी 2017 को नई दिल्ली में मधुमेह हेतु योग पर एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन – 2017 का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने मधुमेह के उपचार एवं रोकथाम में योग की भूमिका पर ज़ोर दिया।

श्री नाईक ने बताया कि संस्कृति के लिये विश्व की सर्वोच्च संस्था यूनेस्को ने हाल ही में योग को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है। मंत्री जी ने बताया कि यह योग की सार्वभौमिक प्रासंगिकता का परिज्ञान है जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे इसके सम्मान को बढ़ाएगा। उन्होनें प्रतिभागियों से योग के माध्यम से मधुमेह के नियंत्रण हेतु एक रोड मैप तैयार करने के लिए भी आग्रह किया।

सम्मेलन में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के विभिन्न अनुसंधान परिषदों और संस्थानों ने भाग लिया तथा अनुसंधान क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों और शैक्षणिक गतिविधियों को प्रदर्शित किया। केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने भी अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करने के लिए एक स्टॉल लगाया जिसका हज़ारों अंगुतकों ने दौरा किया।

श्री श्रीपाद येस्सो नाईक, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार 4 जनवरी 2017 को नई दिल्ली में मधुमेह हेतु योग पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान दीपक ज्योति करते हुए। डॉ. एच.आर. नागेन्द्र, अध्यक्ष, विवेकानंद अनुसंधान संस्थान और श्री अजीत मोहन शरण, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार भी उपस्थित थे।

आरोग्य वेलनेस टूरिज़्म एक्सपो-2017 में भागीदारी

परिषद् के नैदानिक अनुसंधान एकक, एडाथला, केरल ने 18–21 फरवरी 2017 के दौरान तिरुवनंतपुरम, केरल में हुए चार दिवसीय आरोग्य वेलनेस टूरिज़्म एक्सपो – 2017 में भाग लिया।

नैदानिक अनुसंधान एकक, एडाथला ने परिषद् की अनुसंधान गतिविधियों, उपलब्धियों और प्रकाशनों का प्रदर्शन किया। एकक ने यूनानी चिकित्सा पद्धति की अवधारणाओं को उजागर करने वाले विभिन्न पोस्टरों और चार्टों का भी प्रदर्शन किया। स्वस्थ जीवन के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए और रोगों के उपचार एवं स्वास्थ्य प्रोत्साहन में यूनानी चिकित्सा की भागीदारी, यूनानी चिकित्सा पर साहित्य और कुछ जटिल एवं साधारण रोगों के उपचार पर सफल कहानियों का भी आंगुतकों के मध्य वितरण किया गया। आंगुतकों को निःशुल्क परामर्श प्रदान करने के लिए चिकित्सकों को भी रखा गया था।

के.यू.चि.अ.प. की जिगनासा-2017 में भागीदारी

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) ने 10–12 फरवरी 2017 को सरस्वती मंडपम, पूजापूरा, केरल में विद्यार्थी सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित जिगनासा 2017, भारतीय चिकित्सा पद्धतियों पर एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रदर्शनी, में भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन श्री कामिनेनी श्रीनिवास, माननीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, आंध्र प्रदेश सरकार ने डॉ. सत्यनारायण, विधान सभा सदस्य, आंध्र प्रदेश एवं कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया।

जिगनासा विद्यार्थी सेवा ट्रस्ट की एक पहल है जो आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) पद्धति से सम्बन्धित समस्त चीज़ों को सम्बोधित करने के लिए एक मंच है। विदेशियों सहित 504 से अधिक प्रतिनिधियों ने इस अतंर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया जिसका विषय 'भारतवर्ष में स्वास्थ्य परंपराओं का अभिसरण' था। जिम्बाब्वे और तुर्की के प्रतिनिधियों ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धति पर ज्ञान साझा करने के लिए देश के 23 राज्यों के प्रतिनिधियों से बातचीत की।

कार्यशाला में लगभग 200 स्टॉल लगाए गए जिन्होनें भारत में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व एवं विविधता और उपचार प्रक्रियाओं तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में उनकी भूमिका को प्रदर्शित किया। केंद्रीय और राज्य सरकारी विभागों, गैर सरकारी संगठनों, पारंपरिक एवं जनजातीय चिकित्सकों, औषधीय पौधशालाओं एवं उद्यानों और स्वास्थ्य संबंधी उद्यागों ने अपने उत्पादनों का प्रदर्शन किया। के. यू.चि.अ.प. ने इस कार्यशाला में भाग लिया और अपने स्टॉल के माध्यम से अनुसंधान कार्यक्रमों में अपनी उपलब्धियों और अन्य गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

ज्ञान उत्पादन, खोज एवं नेटवर्किंग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (के.यू.चि.अ.प.) के कर्मचारियों ने भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के सहयोग से 15–16 फरवरी 2017 के दौरान अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (ए.एम.यू.), अलीगढ़ द्वारा ज्ञान उत्पादन, खोज एवं नेटवर्किंग (के.जी.डी.ए.एन) पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. पी.बी. मंगला, पूर्व टैगोर नेशनल फेलो, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डॉ. गोपाल भूषण, प्रो. एन. लक्ष्मण राव, ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) सैय्यद अहमद अली, प्रो. गेब्रील गोमेज़ और प्रो. शबाहत हुसैन की उपस्थिति में किया गया।

सम्मेलन का मुख्य विषय ''पुस्तकालय एवं सूचना केंद्रों में ज्ञान उत्पादन, खोज, साझाकरण एवं नेटवर्किंग और वर्तमान रुझान'' था। सम्मेलन में भारत, अमेरिका और बांग्लादेश से 102 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और इनमें से 26 ने पांच तकनीकी सत्रों में अपने पत्रों को प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, ''पुस्तकालय में ज्ञान प्रबधंन का कार्यान्वयन और ग्रहण – प्रभाव का परिमाण एवं भविष्य की प्रयोज्यता'' पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।

के.यू.चि.अ.प. से श्री मसूद–उज़–ज़फर ख़ान और श्री मो. हाशिम सिद्दक़ी ने सम्मेलन में भाग लिया और चौथे और पांचवे तकनीकी सत्रों में प्रतिवेदक के रूप में कार्य किया।

''अगर हम हर व्यक्ति को सही मात्रा में पोषण और व्यायाम दे पाते, ना तो बहुत कम, ना बहुत ज़्यादा, तो हमें स्वास्थ्य का सबसे सुरक्षित रास्ता मिल जाता।''

– हिप्पोक्रेट्स (सी. 460 ई.पु. – सी. 377 ई.पु.)

के.यू.चि.अ.प. की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

परिषद् की वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एस.ए.सी.) की 50वीं बैठक का आयोजन 21 जनवरी 2017 को केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (के.यू.चि.अ.सं.), हैदराबाद में किया गया और पिछली वैज्ञानिक सलाहकार समिति की अवधि के पश्चात् संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई। समिति ने परिषद् द्वारा यूनानी चिकित्सा में एम.डी. और पी.एच.डी. कार्यक्रमों की शुरुआत को बहुत ही गौरवपूर्ण माना। एस.ए.सी. ने परिषद् की जारी अनुसंधान गतिविधियों, नए अनुसंधान प्रस्तावों और अन्य गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।

बैठक पद्मश्री डॉ. एम.ए. वहीद की अध्यक्षता में आयोजित की गई और प्रो. सैय्यद शाकिर जमील, प्रो. सैय्यद इमामुद्दीन अहमद, डॉ. यासमीन शम्सी, प्रो. मुश्ताक़ अहमद, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव और परिषद् के महानिदेशक प्रभारी प्रो. रईस–उर–रहमान तथा अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। डॉ. सैय्यद असद पाशा विशेष आमंत्रित के रूप में बैठक में उपस्थित हुए। कुछ सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

अपने परिचयात्मक सम्बोधन में प्रो. रईस–उर–रहमान ने एस.ए.सी. को सूचित किया कि परिषद् ने यूनानी चिकित्सा में एम.डी. मुआलजात (मेडिसन) और इल्म अल–अदविया (औषधविज्ञान) प्रत्येक सात सीटों के साथ केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद और क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, श्रीनगर में क्रमशः कालोजी नारायण राव स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, वारंगल (तेलंगाना) और कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर की संबद्धता में आरम्भ किया। उन्होनें यह भी बताया कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के साथ मुआलजात (मेडीसिन) और इल्म अल–अदविया (औषधविज्ञान) में पी.एच.डी. प्रत्येक तीन सीटों के साथ के लिए सहबद्धता को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

डॉ. एम.ए. वहीद ने परिषद् द्वारा की गई प्रगति और नईं पहलों की सराहना की। समिति ने के.यू.चि.अ.सं., हैदराबाद में यूनानी चिकित्सा में त्वचा रोग एवं सौंदर्य प्रसाधन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन को संस्तुति दी। समिति ने 11 फरवरी को हकीम अजमल ख़ाँ की जयंती पर मनाये जाने वाले राष्ट्रीय यूनानी दिवस के अवसर पर यूनानी चिकित्सा के अनुसंधानकर्त्ताओं और अकादमिकों को पुरस्कार प्रदान किए जाने की योजना को संस्तुति प्रदान की। समिति ने केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद एवं लखनऊ और क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, चेन्नई में इलाज–बित–तदबीर (संघटित चिकित्सा) इकाई की स्थापना के प्रस्ताव को भी संस्तुति प्रदान की। समिति ने अलीगढ़ (यू.पी.), देहरादून (उत्तराखण्ड) और करीमगंज (तेलंगाना) में एन.पी.सी.डी.सी.एस. में यूनानी चिकित्सा के समाकलन की परियोजना के विस्तार के प्रस्ताव पर विचार किया और संस्तुति दी। समिति ने यह भी सुझाव दिया कि इंस्टिट्यूट ऑफ साइटोलॉजी एण्ड प्रिवेंटिव ऑनकॉलोजी, नोएडा के सहयोग से ज़िला ग़ाज़ियाबाद हेतु इस परियोजना की योजना बनाई जा सकती है।

समिति ने स्वास्थ्य रक्षण कार्यक्रम और एन.पी.सी.डी.सी.एस. की प्रथम वर्ष में हुई प्रगति पर विचार–विमर्श किया और द्वितीय वर्ष के लिए परियोजनाओं को संस्तुति दी। जन–जातियों हेतु उप–योजना के अन्तर्गत गतिविधियों के पुनर्गठन के लिए प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। अनुसंधान उप–समितियों के गठन के संबंध में, एस.ए.सी. ने महानिदेशक, के.यू.चि.अ.प. को ऐसी समिति का गठन करने और एस.ए.सी. को सूचित करने के लिए प्राधिकृत किया। समिति ने यूनानी साहित्य को पांच विदेशी भाषाओं अर्थात् स्पेनिश, रूसी, जर्मन, फ्रांसीसी, चीनी में अनुवाद के विचार का स्वागत किया और इस उद्देश्य के लिए कुछ अन्य भाषाएं जैसे अरबी, फ़ारसी, हिन्दी और अंग्रेज़ी को सम्मिलित किया। इसके अतिरिक्त, समिति ने विभिन्न अनुसंधान प्रस्तावों और आवंटनों पर विचार किया और संस्तुति दी। कार्यसूची की विषय–वस्तु में परिषद् एवं इसके केन्द्रों में सुचारू रूप से कार्य करने के लिए परिषद् द्वारा रखे गए कुछ प्रशासनिक प्रस्तावों जैसे लैब उपकरण की खरीदारी, वाहनों की खरीदारी, अनुसंधान अधिकारियों के विभिन्न पदों के लिए भर्ती नियमों, अस्पतालों और कार्यालयों हेतु फर्नीचर की खरीद इत्यादि को भी समिति ने संस्तुति दी।

एसएफईसी-2017 में भागीदारी

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के शोधकर्त्ताओं ने उका तर्सडिया युनिवर्सिटी और सोसायटी फॉर एथनोफॉर्माकोलोजी, भारत के संयुक्त तत्वावधान के अंतर्गत 23–25 फरवरी 2017 को सूरत में आयोजित '21वीं सदी में स्वास्थ्य सेवा: एथनोफॉर्माकोलोजी और औषधीय पादप अनुसंधान के परिप्रेक्ष्य' विषय पर आधारित सोसायटी फॉर एथनोफॉर्माकोलोजी की चौथी अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस में भाग लिया।

कांग्रेस पूर्व–सम्मेलन कार्यशालाओं के साथ शुरू हुई जो कांग्रेस में प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान से संबंधित विभिन्न प्राविधिकताओं पर विचार करने के लिए आयोजित किये गए थे। इन कार्यशालाओं में दुनियाभर के 100 से अधिक वैज्ञानिकों ने अपने मूल्यवान अनुभव साझा किया। प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक प्रभारी, के.यू.चि.अ.प. ने 'एथनोफॉर्माकोलोजी: भूत, वर्तमान और भविष्य' पर मुख्य व्याख्यान दिया।

कांग्रेस ने वैश्वीकृत युग में एथनोफॉर्माकोलोजी और औषधीय पादपों के स्वरूप, प्राकृतिक उत्पाद आधारित विकास – अवसर एवं चुनौती, वर्तमान परिदृश्य में औषधीय पादपों का एथनोबोटेनिकल और औषधीय अध्ययन: एथनोफॉर्माकोलोजी और पारंपरिक स्वास्थ्य प्रथा, औषधीय पादपों के अनुसंधान में रुझान, औषधीय पादपों की भूमिका, औषधीय पादपों का संरक्षण और प्रचार इत्यादि पर ध्यान केंद्रित किया।

परिषद् के क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, चेन्नई से डॉ. मुर्गेश्वरन, अनुसंधान अधिकारी (वनस्पति) और डॉ. पवन कुमार सागर, अनुसंधान अधिकारी (रसायन) ने कांग्रेस में भाग लिया और क्रमशः 'तमिलनाडु के पश्चिमी घाट में उपयोगी लोक औषधीय पौधे और उनकी विविधता स्थिति' और 'आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी औषधियों में डॉयबिटिज़ के उपचार में प्रयोग होने वाले चुने हुए उभरती प्रवृत्तियां' नामक शोध पत्र प्रस्तुत किये।

आधुनिक जीव विज्ञान में प्रयोगशाला चिकित्सा की क्रांति पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने 15–17 फरवरी 2017 को मुम्बई में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा रूधिर विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित आधुनिक जीव विज्ञान में प्रयोगशाला चिकित्सा की क्रांति पर हुए अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

इस सम्मेलन में अतिथि व्याख्यान, भाषण, विचार गोष्ठी, पैनल चर्चा, पारस्परिक सत्र, पोस्टर प्रस्तुतिकरण किए गए जोकि प्रतिरक्षा रूधिर विज्ञान की दिन प्रतिदिन की सामान्य समस्याओं के प्रयोगशाला निदान एवं साथ ही साथ इस क्षेत्र में हुई नवीन प्रगति से संबंधित थे। इसमें अत्याधिक विषयों को आच्छादित किया गया जिसमें रक्त–आघान चिकित्सा, लाल कोशिका संबंधी विकार, रूधिरविज्ञान संबंधी असाध्यता, कोशिका आनुवंशिकी एवं जीनोमिक्स अस्थिरता संलक्षण, जीन संशोधन/चिकित्सा, मूल कोशिका जीव विज्ञान, प्राथमिक प्रतिरक्षा अभाव, रक्तस्तम्भन एवं थ्रोमबोसोसिस, विकसित आणविक निदान प्रौद्योगिकियां शामिल थे। परिषद् के सम्बन्धित क्षेत्रों में कार्यरत अनुसंधानकर्त्ताओं ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

श्रीनगर में राजभाषा पर कार्यशाला

परिषद के क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (क्षे.यू.चि.अ.सं.), श्रीनगर ने 27 मार्च 2017 को श्रीनगर में राजभाषा प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

डॉ. सीमा अकबर, सहायक निदेशक प्रभारी, क्षे.यू.चि.अ.सं., श्रीनगर और डॉ. मोहम्मद मेराज अहमद, अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, और डॉ. ज़ाहिदा जबीन, सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग, कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर ने कार्यशाला को सम्बोधित किया। इन्होनें राजभाषा में कार्य करने के कौशल को सुधारने के तरीके बताए और संस्थान के कर्मचारियों को इसको बढ़ावा देने के लिए अधिकतम प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

के.यू.चि.अ.प. द्वारा डेली मेडिकल न्यूज़ अपडेट का विस्तार

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (के.यू.चि.अ.प.) के पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र ने 24 मई 2017 से आयुष मंत्रालय के अन्तर्गत सभी परिषद् के शोधकर्त्ताओं और अन्य कर्मचारियों को आच्छादित करने के लिए अपनी ई–मेल आधारित सेवा 'डेली मेडिकल न्यूज़ अपडेट' की पहुंच का विस्तार किया। इससे पूर्व 'डेली मेडिकल न्यूज़ अलर्ट' नामित यह सेवा के.यू.चि.अ.प. के कर्मियों तक ही सीमित थी।

डेली मेडिकल न्यूज़ अपडेट की पंहुच को विस्तरित करने की पहल का विचार प्रो. वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक प्रभारी, के.यू.चि.अ.प. का था। उन्होनें यह विचार 24 मार्च 2017 को एक बैठक के माध्यम से अन्य अनुसंधान परिषदों के महानिदेशकों के पास रखा। इस विचार का उनके द्वारा स्वागत किया गया और तदनुसार 527 कर्मियों की एक ई–मेल सूची तैयार की गई और 24 मई 2017 से सेवा का प्रसार आरंभ किया गया।

डेली मेडिकल न्यूज़ अपडेट राष्ट्रीय समाचार पत्रों से स्वास्थ्य, चिकित्सा और पर्यावरण संबंधित विषयों के समाचार उनके वेबलिंक सहित कवर करता है और केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्, केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् और केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् सहित केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के चिकित्सकों, शोधकर्त्ताओं और अधिकारियों तक ईमेल द्वारा प्रसारित करता है।

डिजिटल लाइसेंसिंग पर संगोष्ठी में भागीदारी

राष्ट्रीय क़ानून विश्वविद्यालय, दिल्ली ने 9 अगस्त 2017 को नई दिल्ली में पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन के जन्मदिवस के अवसर पर जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय सहित अन्य भागीदारों के सहयोग से 'डिजिटल लाइसेंसिंग: स्मार्ट डिसीज़न्स फॉर स्मार्ट लाइब्रेरीज़' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य प्रकाशन उद्योग के साथ हस्ताक्षरित लाइसेंस समझौते से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर पुस्तकालय से संबंधित लोगों के मध्य जागरूकता पैदा करना था ताकि पाठकों को बंडल या व्यक्तिगत सदस्यता/खरीद के द्वारा डिजिटल संसाधनों तक पहुंच प्रदान की जा सके। संगोष्ठी के चार तकनीकी सत्रों में लाइसेंसदाताओं द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों की विशिष्ट भाषा के कारण लाइसेंसिंग समझौतों/समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने में पुस्तकालयाध्यक्षों को हो रही कठिनाईयों के समाधान पर चर्चा की गई।

संगोष्ठी में देश के सात राज्यों से लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। के.यू.चि.अ.प. से श्री मोहम्मद अज़हर ख़ान और श्री सैय्यद शुएब अहमद संगोष्ठी में उपस्थित हुए और लाभान्वित हुए।

पुस्तकालय विज्ञान पर सम्मेलन में भागीदारी

के.यू.चि.अ.प. ने केन्द्रीय सरकारी पुस्तकालय संगठन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी द्वारा 21–23 फरवरी के दौरान, देहरादून में 'कनेक्टिंग माइन्ड्स: क्रिएटिंग फ़्युचर – दी पैराडिग्म शिफ़्ट' पर आयोजित सातवें राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए डॉ. के.के. पॉल, माननीय राज्यपाल, उत्तराखंड ने कहा कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के विकास से पैदा हई चुनौतियों का सामना करने के लिए पुस्तकालयों को खुद को तैयार करना चाहिए और वर्तमान पीढ़ी के पाठकों को अपनी प्रासंगिकता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंनें इस बात पर भी ज़ोर दिया कि पुस्कालयों को नई पीढ़ी के समक्ष न केवल ई–पुस्तकों बल्कि वास्तविक पुस्तकों को पढ़ने में रूचि को प्रोत्साहित करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंनें इस बात पर भी जोर दिया कि पुस्तकालयों को सूचना भंडार के रूप में पुन: अनुकूल करने की आवश्यकता है।

सम्मेलन के पाँच तकनीकी सत्रों में कुल 23 पत्र प्रस्तुत किए गए और इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

क्षे.यू.चि.अ.सं., पटना में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री का दौरा

डॉ. अब्दुल ग़फूर, माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार ने 21 फरवरी 2017 को क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (क्षे.यू.चि.अ.सं.), पटना का दौरा किया और संस्थान की कार्यप्रणाली समझने के लिए इसकी चिकित्सा व्यवस्था एवं सेवाओं, ओ.पी.डी., आई.पी.डी., अनुसंधान प्रयोगशाला और पुस्तकालय का निरीक्षण किया।

संस्थान के अनुसंधान अधिकारी प्रभारी डॉ. इश्तियाक़ आलम ने उनका स्वागत किया और संस्थान में रोगियों के उपचार हेतु उपलब्ध सुविधाओं और कार्यप्रणाली से अवगत कराया। माननीय मंत्री को यूनानी चिकित्सा के माध्यम से कुछ जटिल रोगों जैसे गठिया, खुजली, छाजन का उपचार करने में संस्थान की विशेषता के बारे में भी जानकारी दी गई।

अपने दौरे के दौरान, माननीय मंत्री ने रोगियों से बातचीत की और उनके स्वास्थ्य, कल्याण एवं संस्थान द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के बारे में पूछताछ की। इसके अतिरिक्त, रोगियों को वितरित की जा रही औषधियों की जानकारी ली और औषधियों की पैकिंग की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह संस्थान में डॉक्टरों के रिक्त पदों को भरने के लिए आवश्यक क़दम उठाएंगे।

इलाज-बित्त-तदबीर पर सी.एम.ई. में भागीदारी

इलाज–बित्त–तदबीर विभाग, यूनानी चिकित्सा संकाय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने 6–11 मार्च 2017 को अलीगढ़ में इलाज–बित्त–तदबीर पर छः दिन का निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। परिषद् के क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, अलीगढ़ से शोधकर्त्ताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य यूनानी चिकित्सा में इलाज–बित्त–तदबीर का महत्व, स्वास्थ्य के रख–रखाव और रोगों के उपचार और आधुनिक युग में उसकी प्रासंगिकता को उजागर करना था। उद्‌घाटन समारोह के अतिरिक्त कार्यक्रम में इलाज–बित्त–तदबीर की विभिन्न विधियों पर बारह व्याख्यान एवं व्यवहारिक सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षकों में प्रो. मुश्ताक अहमद, प्रो. गज़ाला मुल्ला, प्रो. एस. नफीस बानों, प्रो. अनीस इस्माइल, प्रो. अब्दुल क़वी, प्रो. अरूण मुखर्जी, प्रो. ब्रिज भूषण सिंह और प्रो. अनीस अहमद अंसारी शामिल थे। कार्यक्रम में के.यू.चि.अ.प. के शोधकर्त्ता/अधिकारीगण सहित 30 चयनित प्रतिभागी शामिल हुए।

पंजीकरण सं. 34691/80

सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर

सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, जो आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय है, की आधिकारिक त्रैमासिक पत्रिका है। यह हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में एक साथ प्रकाशित होती है। इसमें विशेषतः केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् से संबंधित समाचार होते हैं। यह ऐसे व्यक्तियों और संस्थाओं के लिए मुफ़्त उपलब्ध है जो यूनानी चिकित्सा पद्धति के विकास में दिलचस्पी रखते हैं।* सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *में प्रकाशित सामग्री को* सी.सी.आर.यू.एम. न्यूज़लेटर *के आभार के साथ, इस शर्त पर प्रकाशित किया जा सकता है कि वह प्रकाशन व्यापारिक उद्देश्यों से न किया जाये।*

मुख्य संपादक
अनिल खुराना

कार्यकारी संपादक
मोहम्मद नियाज़ अहमद

संपादकीय समिति
नाहीद परवीन
गज़ाला जावेद
टी. मैथीलगन
शबनम सिद्दीक़ी

संपादकीय कार्यालय
केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद्
61–65, इंस्टीटयूशनल एरिया, समुख 'डी' ब्लाक, जनकपुरी, नई दिल्ली–110 058

दूरभाषः +91–11/28521981, 28525982, 28525983, 28525831, 28525852, 28525862, 28525883, 28525897, 28520501, 28522524
फैक्सः +91–11/28522965
ई–मेलः unanimedicine@gmail.com
वेबसाइटः http://ccrum.res.in

मुद्रणः इण्डिया ऑफसैट प्रैस, ए–1, इंडस्ट्रियल एरिया, फेस–1, मायापुरी, नई दिल्ली–110064

ISSN 0974 1666

CCRUM newsletter

A Quarterly Bulletin of Central Council for Research in Unani Medicine

Volume 37 • Number 1-3

January–September 2017

CCRUM Celebrates National Unani Day

The Central Council for Research in Unani Medicine (CCRUM), on the directive of the Ministry of AYUSH, Government of India, organized a function to celebrate 1st National Unani Day and confer CCRUM Award at the Central Research Institute of Unani Medicine (CRIUM), Hyderabad on 11 February 2017.

The function was organized in the wake of the milestone decision taken by the Ministry of AYUSH to declare 11th February, the birthday of Hakim Ajmal Khan – a versatile genius and founder of scientific research in Unani Medicine – as National Unani Day and confer CCRUM Award on the outstanding contributors in the field of research in Unani Medicine.

In his presidential speech in the function, Shri Shripad Yesso Naik, Hon'ble Minister of State (I/C) for AYUSH, Government of India said that the Government of India under the dynamic leadership of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi Ji was making concerted efforts to promote and propagate AYUSH systems and created a separate ministry for their development according to their own fundamental philosophies and principles and make optimal utilization of their potentials in the national healthcare delivery. He further said that the decision to declare and celebrate National Unani Day was an appropriate step in the direction for promoting Unani Medicine.

Shri Bandaru Dattatreya, Hon'ble Minister of State

Shri Shripad Naik, Shri Bandaru Dattatreya, Dr. Charlakola Laxma Reddy, Shri Mohammed Mahmood Ali, Shri Maganti Gopinath, Shri PN Ranjit Kumar, Prof. Rais-ur-Rahman, Dr. MA Waheed and Prof. Vd. KS Dhiman during the national anthem at National Unani Day function on 11 February 2017 at Hyderabad.

Shri Shripad Naik, Hon'ble Union Minister of State (I/C) for AYUSH addressing National Unani Day function on 11 February 2017 at Hyderabad.

